be less and less. And I hope it may be not one to ten, but one to five or one to three, as the hon. Member has said. With these words I oppose this Resolution in the form as it is.

Shri Kalika Singh: Sir, the purpose of my Resolution has been largely achieved, because the discussion that has taken place in the House has given an opportunity to the Government to reiterate its policy regarding disparities in income.

Some Hon. Members: Don't withdraw.

Shri Kalika Singh: In my Resolution, I had put in as the objective that the disparity should not be beyond 1 : 10. The Minister, in his speech, has said that he would be very glad if the disparity is reduced to 5, or 3 and even to zero. After that assurance on behalf of the Government that the aim of the Government ultimately is to have a socialist pattern of society in India in which the disparity would be reduced even to the minimum, to zero, I think it would be wrong on my part to insist that the disparity should not be below 1 : 10. On the 28th of April, 1961, when I moved the Resolution, I moved it with a view to impress upon the Planning Commission which was then formulating its policy regarding this disparity in incomes to come to some definite view about this. In the First Five Year Plan, this subject of disparity or reduction of inequality in incomes had not been touched at all. In the Second Five Year Plan, this was put in as one of the four objectives. But, in the Third Five Year Plan, which is before us, there is a full chapter about it. I am glad that the Third Five Year Plan says that the essential problem here is 'to reduce the spread between the higher and the lower incomes and to raise the level of the minimum. I also said that my aim is not so much to put a ceiling on incomes, because there are only 1847 persons in the whole of India who have an income of over Rs. 50,000, but my aim is to impress on the Government that they should look to the foundational structure of the socialist society, the great labour force. I think the labour force in India must be about 20 crores; it is about 45 per cent or 50 per cent or nearabout that. When we have got such a large labour force, we have to look to the foundational structure, that is we should look to the floor rather than to the ceiling. We should fix a proper floor and try to raise the income of the masses, and that should be the aim of the Government also. There are opposition parties here in India. They just try to propagate that we should aim at the ceiling only and bring somebody down. But, they would not look to the foundational structure of the masses as a whole. Now, the Minister has said that he is also more emphatic about the foundational structure, about raising the level of the income from below. With that assurance, I think it would not be quite proper to insist upon passing thih Resolution that the gap should be 1 : 10, because the spirit of the Resolution has been understood by the Government and the Government has also laid down a policy about it. Therefore, I beg leave of the House to withdraw my Resolution.

The Resolution was, by leave, withdrawn.

RESOLUTION *RE*: BAN ON EMPLOYMENT OF RETIRED GOVERNMENT SERVANTS

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया (इटावा) : सभापति महोदय, मैं जिस संकल्प या प्रस्ताव को सदन में उपस्थित कर रहा हूं वह बिल्कुल ही निर्दोष और पवित्र है । संकल्प की भाषा इस प्रकार है :—

> "इस सभा की राय है कि सरकार को सेवा से मुक्त या निवृत्त सरकारी कर्मचारियों के किसी भी सरकारी या गैर सरकारी नौकरी या सेवा में

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

पुनः लगाये जाने या प्रवेश पर शीघ्र से शीघ्र प्रतिबन्ध लगाने के लिए उपयुक्त विधान पेश करना चाहिए ।"

मैंने जो यह संकल्प इस सदन में उपस्थित किया है मैं ऐसा अनुभव करता हूं कि इस संकल्प से किसी को भी कोई विरोध नहीं होगा । इस सदन का चाहे कोई भी दल या कोई भी व्यक्ति क्यों न हो सभी को एक मत होगा, सभी की एक राय होगी और सभी लोग आज इस मुल्क से बेरोजगारी को दूर करना चाहते हैं । सभी लोग इस मुल्क को गरीबी से ऊपर लाना चाहते हैं । अगर मुल्क को गरीबी से ऊपर उठाना है तो फिर बेरोजगारों को काम देना होगा । ऐसे लोग जो लाखों की संख्या में बेरोजगार पड़े हुए हैं, ऐसे युवक जो कहीं पर धंधा नहीं पा रहे हैं उनको यहां हम को धंधा देना है तो उस के वास्ते हर हालत में हमें इस संकल्प को स्वीकार करना पड़ेगा और ऐसे लोग जो रिटायर होने के बाद, पेंशन और ग्रैचुएटी मिलने के बाद या अपनी सेवा अवधि पूरी करने के पश्चात्, पुनः किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी कम्पनी या फर्म आदि में नौकरी करें, या तो उन पर यह प्रतिबन्ध होना ही चाहिए कि उनको किसी भी सरकारी या गैर सरकारी किसी भी कम्पनी या फर्म में कोई काम नहीं मिलना चाहिए ।

मैं यहां किसी व्यक्ति विशेष की कोई आलोचना नहीं कर रहा हूं, न ही मुझे किसी व्यक्ति विशेष से कोई शिकायत है । यहां पर तो चर्चा कुछ सिद्धान्तों की और वर्तमान सरकार की नीतियों की है । अगर व्यक्ति विशेष इससे कुछ अपने मन में समझें कि किसी व्यक्ति विशेष के लिये यह चर्चा है तो मैं ऐसा अनुभव करता हूं कि उनका यह सोचना बिलकुल ही गलत होगा ।

कुछ लोग यह प्रश्न करेंगे कि वह सरकारी लोग जिन्होंने योग्यता हासिल की है, जिन्होंने काम सीखा है तो उनके अन्दर जो योग्यता है उसका उनके रिटायर होने के बाद फायदा क्यों न उठाया जाय ? यह सवाल अपनी जगह पर बिलकुल ठीक है लेकिन फायदा उठाने का मतलब यह हरगिज नहीं है कि उनको फिर किसी दूसरे ऐसे स्थान पर बिठलाया जाय जिस स्थान पर कि कोई दूसरा आदमी पहुंच करके कुछ रोजी पा सकता था । मेरा कहना यह है कि उन्होंने अपनी ५५ वर्ष की आयु में जो कुछ भी सीखा वह उन्होंने हिन्दुस्तान के लिए सीखा और सीखने के बाद जब वह रिटायर होते हैं तो उनका यह धर्म और नैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह अपने पैंशन काल में कुछ देश के लिए अवैतनिक कार्य भी करें । जो उनमें योग्यता है वह योग्यता अपने आप नहीं आ गई है । वह योग्यता उन्होंने तब हासिल की जब राष्ट्र ने उनको अपने किसी पद पर बिठाया और बाहर के स्थानों पर भी कुछ वजीफा देकर भेजा । कुछ ऊंचे पदों पर जब उनको भेजा गया तब उनमें यह योग्यता आई और जब राष्ट्र के अन्दर ऐसे लाखों लोग बेकार हैं तो फिर उनको भी यह कर्तव्य हो जाता है कि राष्ट्र के इस बड़े काम में वह भी अपना योगदान प्रदान करें । उनको काम न देने के और भी अनेक कारण हैं । एक कारण यह भी है कि सरकारी अफसरों को ऊंचे ओहदों पर काम करने वाले कर्मचारियों को अपने कार्य काल में बहुत से ऐसे काम दूसरी कम्पनियों से कराने पड़ते हैं, उनसे सम्पर्क स्थापित करना पड़ता है, उनको ठेका देना पड़ता है और दूसरा कारण यह भी है कि जनतंत्र में केवल शासन और उसके कर्मचारियों को केवल ईमानदार होना ही जरूरी नहीं है बल्कि साथ ही साथ में उनको यह भी साबित करने की जरूरत पड़ती है कि वह बिल्कुल ईमानदार हैं जिससे

कि देश की देश की जनता की निष्ठा उस राष्ट्र में और राष्ट्र के कर्मचारियों में जमे । लेकिन अगर इस कसौटी पर जब हम अपने इस विचार को कसते हैं तो हमको इससे बहुत बड़ी निराशा होती है और हम कुछ अपने काम को आगे बढ़ा नहीं पाते हैं ।

आज हमारे डिप्टी होम मिनिस्टर साहब यहां पर तशरीफ रखते हैं और वह भी शायद यह समझते होंगे कि सरकारी दफ्तरों की फाइलें हमारे पास दफ्तरों में सुरक्षित हैं लेकिन हम ऐसा महसूस करते हैं कि वह लोग जो ऊंचे ओहदों पर काम करने के बाद विभिन्न कम्पनियों में जा करके या विभिन्न उद्योगपतियों के यहां जाकर काम करते हैं वे उन सरकारी दफ्तरों की फाइलों की आत्मा को अपने साथ ले जाते हैं और उनकी आत्मा उन उद्योगपतियों के भवनों में जाकर कैद होती है जहां कि वह बैठते हैं और सरकारी दफ्तरों में पीछे केवल मृत फाइलें पड़ी रहती हैं ।

इस तथ्य को समझने के लिये यह देखना होगा कि कुछ उच्च अफ़सर सरकारी सेवा से निवृत होने के बाद कहां गये हैं उन्होंने कहां सर्विस प्राप्त की है । चूंकि, सभी समाचार पत्रों में उनके नाम निकल चुके हैं, इसलिये इस सदन में उनका नाम लेना अवैधानिक या अनुचित नहीं है । १९५८–५९ में इस विषय पर काफ़ी वाद-विवाद हो चुका है ।

17 hrs.

मुझे यहां पर उन लोगों के नाम नहीं लेने हैं जिन की चर्चा हो चुकी है । मुझे यहां पर उन लोगों के नाम भी नहीं लेने है, जो विवाद के विषय बने हुए हैं । हां, अलवता ऐसे लोगों के सम्बन्ध में देश के अनेक अखबारों में चर्चा हुई है और उनके नाम दिये गये हैं । अगर हम उन लोगों के मामलों पर विचार करें, तो पता लगता है कि जब तक वे सरकारी सर्विस में रहे, उनकी एक आंख सरकारी काम पर थी और दूसरी आंख उन पूंजीपतयों के दफ्तरों पर लगी हुई थी, जहां रिटायरमेंट के बाद उनको सर्विस प्राप्त करनी थी । उनका मन भी बंटा हुआ था—उनका आधा मन अपने काम में था और आधा मन रिटायरमेंट के बाद काम ढूंढने में लगा हुआ था ।

१९५४ में एस्टीमेट्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट के पैराग्राफ ४१ में सुझाव दिया था कि सेवा से निवृत्त अधिकारियों को निजी कम्पनियों या फर्मों में लिये जाने पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिये । उस सुझाव के बावजूद भी मैं देखता हूं कि आज भी उन लोगों के लिये वह रास्ता खुला हुआ है और इस प्रकार योग्यता और काबिलियत का सारे का सारा स्रोत उसी दिशा में जा रहा है, जो मुल्क को बनाने की दिशा नहीं है, जो मुल्क को बिगाड़ने की दिशा है । रिटायर्ड कर्मचारियों के प्राइवेट नौकरियों में प्रवेश पर इसलिये भी प्रतिबन्ध लगना चाहिये कि राष्ट्र के शासन की गोपनीयता स्थापित रहे और जो जरूरी कागज हैं, वे दूसरे लोगों तक न पहुंच सकें । मैं यहां पर कुछ ऐसे व्यक्तियों के नाम ले रहा हूं, जिन के नाम देश के अनेक अखबारों में आ चुके हैं ।

(१) श्री सी० सी० देसाई—वह भारतवर्ष में अनेकों उच्च पदों पर काम करने के बाद पाकिस्तान में हाई कमिश्नर रहे । आजकल वह दिल्ली में बिड़ला के सलाहकार हैं ।

मैं केवल उन्हीं लोगों के नाम लेना चाहता हूं, जो सारे के सारे रिटायर होने के बाद दिल्ली मे बैठे हुए हैं । यद्यपि पूंजीपतियों के कोई बहुत बड़े कारखाने दिल्ली में नहीं हैं, लेकिन उन उच्च अफसरों को इसलिये यहां पर रखा जाता है कि वे यहां पर रह कर भारत सरकार के उच्च अधिकारियों, मिनिस्टरों और दूसरे कर्मचारियों से सम्पर्क रखें । यह एक तथ्य है कि जब

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

कोई भी अधिकारी रिटायर होने के बाद कहीं जाता है, तो उस समय भी उसके अधीनस्थ सरकारी कर्मचारी उस के इनफ्लुएन्स और प्रभाव में रहते हैं । अगर मुझे पूछा जाये, तो मैं ऐसे उदाहरण दे सकता हूं कि हालांकि किसी प्राइवेट कम्पनी में काम करने वाले रिटायरशुदा सरकारी कर्मचारी को कोई जानकारी हासिल करने के लिये सम्बन्धित दफ्तर में जाना चाहिये, लेकिन ऐसा न करके उस ने टेलीफोन पर अपने अधीनस्थ सरकारी कमचारी को, अपने डिप्टी को, बुला कर दफ्तर की सारी फाइलें अपने यहां मंगाई और उनकी कापी टाइप कराई, उनकी नक़ल कराई और उसके बाद वे फाइलें फिर दफ्तर में भेज दी गई ।

(२) सरदार दलीप सिंह—वह पहले दिल्ली में इनकम टैक्स आफिसर और बाद में सेल्ज़ टैक्स आफ़िसर और अन्त में इंडस्ट्रियल फ़िनांस कार्पोरेशन के आफ़िसर रहे हैं ।

Shri Datar: Is it necessary to mention the names? He can use the argument without mentioning the names. It may be unfair to those persons also. We do not know the circumstances in which they have accepted this employment in the private sector. So, I fully appreciate the hon. Member's desire to develop his argument that certain officers after retirement accept service in the private sector. That argument is perfectly understandable, but I would implore him not to bring in the names.

Shri Tangamani (Madurai): But instances will have to be given of people in high places who immediately after retirement go to private employment.

Mr. Chairman: There is one other aspect involved in it. The hon. Member was not only mentioning names, but along with that, though he was not stating that such and such an officer took the file and copied it and all that, he was making the reference in such a way that it would give that impression. Therefore, if such a serious allegation is to be made against anybody who is not present in the House, or on whose behalf the Minister is not in a position to reply, the practice is not to mention the names. Therefore, if allegations are to be made, then the names in that context may not be mentioned. However, the hon. Member can proceed with giving the posts, and if he states mere facts, it would be all right. I do not think there would be any particular objection in mentioning a name or two, but along with the names he should not bring in any allegations, unless he can substantiate them.

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : मैंने यहां पर सिर्फ इतना ही कहा है कि ऐसे बहुत से उच्च अफ़सर हैं, जो रिटायर होने के बाद किसी प्राइवेट कम्पनी में सर्विस करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सरकारी दफ्तरों की फाइलें अपने यहां मंगा कर उनकी नक़ल करवाते हैं । मैंने किसी व्यक्ति या अधिकारी का नाम नहीं लिया है । मैंने नाम तो केवल उन लोगों के लिये हैं, जो रिटायर होने के बाद प्राइवेट कम्पनियों में काम कर रहे हैं । उनके नाम लेना इरेलिवेंट नहीं है ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य ने पहले एक सज्जन का जिक्र किया और उसके बाद दूसरे सज्जन का जिक्र किया और दोनों के बीच में यह कहा कि घर पर फाइलें मंगा कर उनकी नक़ल की जाती है । उससे ग़लतफ़हमी हो सकती है । यह ठीक है कि माननीय सदस्य का यह मंशा नहीं था, लेकिन ग़लतफ़हमी हो सकती है कि घर पर फ़ाइलें मंगा कर नक़ल करने का सम्बन्ध उन व्यक्तियों से है, जिनका जिक्र माननीय सदस्य ने किया ।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : मैंने शरू

में ही अपनी बात कही कि मैं यहां पर किसी व्यक्ति-विशेष की आलोचना नहीं कर रहा हूं और न ही यह मेरे संकल्प का मंशा है। मेरे संकल्प का मंशा सिर्फ यह है कि जो लोग सरकारी सेवा से मुक्त होकर बाहर जाते हैं, उनको बाहर जाने के बाद सरकारी वेतन से अधिक दिया जाता है, जिसका अर्थ यह होता है कि उनका मन सरकारी काम में नहीं लगता है और रिटायर होने के बाद वे अपने पुराने दफ्तर के माध्यम से नाजायज़ लाभ उठाने की कोशिश करते हैं और उसकी रोक-थाम की जानी चाहिए।

मैं यहां पर उन्हीं लोगों का नाम लेना मुनासिब समझता हूं, जिनका हेडक्वार्टर रिटायर होने के बाद दिल्ली में है और जो दिल्ली में रह कर अपनी कम्पनियों और फ़र्म्ज़ के लिये काम करते हैं।

इसके बाद बग़ैर किसी किस्म का इल्ज़ाम लगाते हुए मैं ऐसे दूसरे लोगों के नाम बताना चाहता हूं।

श्री हरवंश लाल—वह पोस्ट्स एंड टेलीग्राफ्स के डाइरेक्टर-जेनरल रहे हैं और रिटायर होने के बाद अब ब्लैकवुड हाज की फर्म में डाइरेक्टर हैं।

लेफ्टिनेंट जेनरल थापर—रिटायर होने के बाद वह ईस्ट एशियाटिक कम्पनी के डायरेक्टर हैं और आजकल दिल्ली में ही रह रहे हैं।

श्री एन० आर० पिल्ले—वह विदेश विभाग के सेक्रेटरी थे और अब इंडियन आयरन एंड स्टील कम्पनी के डायरेक्टर हैं और आजकल उनका हैडक्वार्टर दिल्ली में है।

डा० कटियाल—वह पहले श्रम विभाग में थे और रिटायर होने के बाद आज-कल दिल्ली में इंडियन एल्यूमिनियम कम्पनी में डायरेक्टर हैं।

श्री हरिदत्त मलिक—वह भारत में अनेक पदों पर रहने के बाद फ्रांस और कैनेडा में भारतीय राजदूत के पद पर रहे और आजकर इंडियन एल्यूमिनियम कम्पनी, दिल्ली में डायरेक्टर हैं।

श्री एम० सी० वद्धवार—वह चेयरमैन, रेलवे बोर्ड रहे हैं और रिटायर होने के बाद दिल्ली में बर्ड एंड कम्पनी के डायरेक्टर हैं।

श्री टी० पी० भल्ला—वह डायरेक्टर जेनरल आफ सिविल एवियेशन रहे हैं और रिटायर होने के बाद आज साहू-जैन एंड कम्पनी में डायरेक्टर हैं।

श्री एम० के० कौल—वह उत्तरी रेलवे में जेनरल-मैनेजर रहे हैं। रेल विभाग में उनकी क्या ख्याति थी, यह किसी से छिपा नहीं है। इस सम्बन्ध में कुछ मझे कहना नहीं है। वह भी एक कम्पनी के डायरेक्टर हैं और वहां पर उन को क्या मिलता है इसी से उन की योग्यता को आंका जा सकता है। श्री के०बी० माथुर, जो कि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन रहे हैं, आज कल हैवी इलैक्ट्रिकल प्रोजैक्ट भोपाल में हैं। श्री सारंगपानी भारतीय रेलवे में उच्च अधिकारी थे। रिटायर होने के बाद वह हैवी इलैक्ट्रिकल प्रोजैक्ट, भोपाल में मैनेजिंग डायरेक्टर हो कर चले गये हैं। इस समय वह क्या पाते हैं और पहले क्या पाते थे, इस का भी आप को पता लगाना चाहिये। श्री नागेश आज-कल स्टील प्रोजैक्ट में हैं। ऐसे कई दर्जन नाम हैं जिन को मैं यहां पर कोट करना उचित नहीं समझता हूं।

मेरा जो खास मंशा कहने का है वह यह है कि ऐसे लोग जो रिटायर होने के बाद फर्मों और कम्पनियों में चले जाते हैं, और उन्हों ने दिल्ली में ही अपने दफ्तर बनाये हुए हैं, क्यों उन्हों ने यहां अपने दफ्तर बनाये हुए हैं, इस के पीछे एक बहुत बड़ा सवाल छिपा हुआ है। अगर इस सवाल को आप को हल करना है तो फिर आप को इस संकल्प को

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

स्वीकार कर लेना होगा । आज मुल्क के वे नौजवान जिन के अन्दर काम करने की क्षमता है, योग्यता है, जो अवसर मिलने पर अच्छे और योग्य अफसर और अधिकारी साबित हो सकते हैं, उन के रास्ते हैं बड़ी रुकावट खड़ी हो गई है क्योंकि इन तमाम स्थानों को ऐसे लोग घेर लेते हैं जिस की वजह से ये लोग आगे नहीं बढ़ पाते हैं । मैं होम मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि उन को रिटायर होने के बाद नौकरी इस तरह की करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिये । यह भी देखा गया है कि ऐसे लोगों को सरकार जो बहुत सी जो कमेटियां बनाती हैं या सब-कमेटियां बनाती है, उन में रख लिया करती हैं । मैं समझता हूं कि यह भी उचित नहीं है, मुनासिब नहीं है कि उन को इस तरह की कमेटियों में रख कर उन के प्रोत्साहन दिया जाये ।

मैं देश के उद्योगपतियों और फर्मों तथा कम्पनियों की तरक्की में रुकावट नहीं डालना चाहता । मैं चाहता हूं कि उन की तरक्की हो । मैं चाहता हूं कि वे अपने आदमियों को खुद ढूंढें लेकिन ऐसे लोगों को जो भारत सरकार की सेवाओं में रह चुकने के बाद रिटायर होते हैं उन से अगर जरूरी हो तो कोई और काम लिया जाय मगर ऐसा काम न लिया जाय कि काम तो वे आनरेरी करते हों और बंगले उन को मुफ्त मिले हों सरकार की तरफ से और उन को भारत सेवक समाज का अध्यक्ष भी बना दिया जाता हो और उस मुफ्त के बंगले में किसी कम्पनी के दफ्तर चलते हों और उस कम्पनी की बुनियाद वहां पर पड़ती हो । इस पर भी सरकार को विशेष तौर से ध्यान देना चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प को सदन के सामने पेश करता हूं ।

Mr. Chairman: Resolution moved:

"This House is of opinion that Government should bring forward suitable legislation to debar retired Government employees from being re-employed in any Government or private service."

Now, there are about 7-8 hon. Members who want to take part. How much will the hon. Minister take?

The Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): About 25 minutes.

Mr. Chairman: Then I will have to curtail the number of speakers.

Each hon. Member may take only ten minutes.

Shri Datar: We finish the debate today?

Mr. Chairman: I think we may finish it. The time allotted is one hour and fifteen minutes.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): The time should be extended.

Mr. Chairman: Let us see how it develops. Now, Dr. Menon.

Dr. K. B. Menon (Badagara): Mr. Chairman, I wish to throw in a few thoughts in a discussion on the Resolution before us. The Resolution deals with the re-employment of retired persons both by the Government and also by private concerns. The first aspect of it is relatively more simple. Government has an accepted policy on the subject and has fixed the age of retirement and the bulk of the employees retire at the age of 55. In recent years Government has extended the age to 60 and 63 in certain departments like science and education, judiciary, and higher civil service and also in political appointments abroad. In certain cases where the Government find it difficult, they give extension, but that extension I believe is given only in rare and exceptional cases and that only for a limited

period of time. Therefore, as far as re-employment of retired Government servants by the Government itself, either at the Centre or in the States is concerned, it is not to my mind a very serious one.

The second aspect of the question is re-employment by private concerns. This problem was not there in pre-Independent India, for the reason that the superior appointments in government service were almost exclusively manned by the Englishment and also by the fact that the private industries had not developed very much in those days. This problem is there today and as India industrialises, this problem will be of growing interest and importance. The Government today is the largest employer, and occupies a dominant position in the employment market. With our growing industrialisation, we are developing a competitive market and the Government is likely to be pushed away from the dominant position which is today almost dictatorial. The Government is likely to lose that postion. It is good in one way. It brings also certain rather difficult problems for the Government itself. When the competitive market comes, and when the private concerns offer better salaries, certainly a position will arise where the best intelligence of the country will be drafted by the private sector as is happening today in a country like the United States. That problem is still far in the future and may not concern us immediately. But as the competitive market develops, this problem also develops. As far as business is concerned, they have only one motive, and that is profit. As long as business is guided by that profit motive exclusively, the business firms are not very much concerned with the morality of the means they adopt in securing or recruiting the services of employees. They try to recruit or to angle for Government officials occupying eminent positions, positions of responsibility in Government, because they stand to gain something by it.

A very interesting list was given by the Mover of the resolution, and it is not necessary to add to it. It is evident from that that private business and private enterprise offer four-digit salaries free of income-tax, houses free of rent, cars free of payment and very many amenities which the Government itself does not offer to these men who occupied high positions in superior service. There must be a reason. There is a reason why the private firms offer these temptations, these high salaries and other amenities. They do it because these retired persons in the superior service are in possession of valuable information and they have also valuable contacts. It is to exploit this valuable information and valuable contacts that the private concerns angle for the services of these men. It is, I am afraid, rather corrupting both for the temptor as well as for the tempted.

Apart from this, there is another aspect to this problem. We are all interested in our future and Government officials are no exceptions to this rule. They will try to make it safe for their future. As soon as Government officials occupying eminent positions near the age of retirement, it will not be surprising if they flirt with these big business houses by giving them favours in order to secure favour for themselves. That again is likely to create problems for the Government.

These are problems which the Government must be conscious of. How to tackle it is a very difficult question. It is not possible for the Government to control retired officers once they are out on pension nor is it possible for the Government to introduce restrictions when they recruit their services limiting their choice after retirement. So, tackling this problem from the end of the Government employee is rather difficult according to me. The only way of approach that I can think of is to tackle the problem at the end of the business enterprise. If the Government is prepared to make business houses know that the Government will not look with favour or rather Government will

[Dr. K. B. Menon]

look with disfavour entertainment services of retired personnel, I feel that business houses will think twice before they take the risk of recruiting these men in their services. This is the only way of approach where a solution to the problem can be found as I see it. It is also necessary to find a solution to the problem, for, as I said, it corrupts both the temptor and the tempted It is for the Government to find a way out.

Shri Ramesh Prasad (Aurangabad): Sir, I thank you for giving me an opportunity to express my views on the resolution brought by my friend Shri Bhaudauria to debar retired Government employees from being re-employed in any Government or private undertaking. I oppose this resolution on the ground that it cannot be accepted in principle.

Our country is still very poor and very backward educationally and scientifically and we require to develop ourselves in all fields. If we consider the position in which we are today and compare it with other advanced countries of the world, we find that we have to traverse a long way to compete with other civilised countries of the world. In the fields of science and technology, we have not only to produce local men and prepare engineers and technicians here, but in order to cope with the great demand for scientists and engineers, we have to bring them from foreign countries also.

Therefore, if we accept this resolution, we will thereby be debarring a number of elderly persons—they may be more than 60 or even 65 years of age who will be very useful to us in running our undertakings which the younger persons may not be able to do. If we accept this resolution, we will not be able to have the valuable services of those experts who though old in age, can render very valuable service to this country and to our national government. That being so, if we accept this resolution we will be doing a great deal of harm to ourselves and to our infant State.

Without going into the personal element brought in by the Mover of the resolution by naming a number of persons, I can only say that his resolution should not be accepted by this House and it must be rejected.

श्री सरजू पांडे : सभापति महोदय, यह जो प्रस्ताव सदन के सम्मुख उपस्थित किया गया है मैं उस का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं ।

मुख्य रूप से दो कारणों से मैं इस का समर्थन करना चाहता हूं । पहला कारण यह है कि अगर सरकारी कर्मचारियों को रिटायर होने के बाद फिर काम पर लग जाने का लालच रहेगा तो उन की स्वतन्त्रता खत्म हो जायेगी । हमारे देश में जितने रिटायर्ड जजेज हैं उन को वाईस चांसलर बनाया गया है । और हमारे प्रान्त के चीफ मिनिस्टर ने तो यह नियम ही बना दिया है कि रिटायर्ड जजों को वाइस चांसलर बनाया जायेगा । अगर जजों को यह खयाल होगा कि उन को रिटायर होने के बाद फिर वही आराम और सुविधायें मिल जायेंगी तो उन की स्वतन्त्रता कम हो जायेगी । इस प्रकार के कार्य करना देश के हित में नहीं है, और जब ऐसी स्थिति है तो हम उन से सही मानों में स्वतन्त्रता की आशा कैसे कर सकते हैं । हमारा यह उसूल है कि हमारी अदालतें स्वतन्त्र होनी चाहियें । अगर आप कहिये कि ऐसे लोगों के नाम गिना दो जिन को रिटायर होने के बाद दूसरे पदों पर रखा गया तो मैं नाम गिना सकता हूं, पर उस से कोई लाभ नहीं होगा । यह बात सरकार के नोटिस में है कि उन लोगों को इस तरह का लालच है इसलिये उन की स्वतन्त्रता गायब होती जाती है ।

मुझे मालूम है कि एक बड़े इनकम टैक्स आफिसर ने रिटायर होने के बाद एक प्राइवेट

कम्पनी में काम कर लिया । अब लाजिमी तौर से वह उस कम्पनी को इनकम टैक्स से बचने के उपाय बतलायेंगे और सरकार की गलतियों से फायदा उठाने का रास्ता दिखायेंगे । अब यह तो उन का काम हो गया ।

अभी हमारे साथी अर्जुन सिंह भदौरिया ने बीसों नाम पेश किये । मैं भी दस बीस नाम दे सकता हूं । लेकिन उन नामों के देने से क्या लाभ । सरकार को मालूम है कि यह हो रहा है । इस लिये सरकार को इस पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिये कि सरकारी अफसर रिटायर होने के बाद फिर काम पर न लगें ।

अभी थोड़ी देर पहले यहां कहा गया था कि अगर हम सरकारी अफसरों को ज्यादा वेतन नहीं देंगे तो उन को प्राइवेट कम्पनीज ज्यादा वेतन दे कर अपने यहां ले सकती हैं । यह बात हम जानते हैं कि सरकारी अफसरों को ज्यादा चार्म आजकल प्राइवेट कम्पनीज में हैं क्योंकि उन को ज्यादा मुनाफा होता है । अगर सरकारी अफसर रिटायर होने के बाद प्राइवेट कम्पनियों में जायेंगे तो वे उन कम्पनियों का लाभ पहुंचाने और सरकारी गलतियों से फायदा उठाने की तरकीबें बतलायेंगे और इस से बड़े सरकारी कर्मचारियों का पतन होगा । इसलिये सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिये कि सरकारी कर्मचारी रिटायर होने पर फिर किसी प्राइवेट कम्पनी में या सरकारी काम पर न लिये जायें ।

यहां पर श्री एन० आर० पिल्ले का नाम आया कि वह पहले एक्सटरनल एफेयर्स विभाग में थे और रिटायर हो कर प्राइवेट कम्पनी में चले गये । इसी तरह से जस्टिस महाजन का नाम लिया जा सकता है । इसी तरह से नवाब अली यावर जंग बहादुर का नाम पेश किया जा सकता है । इसी तरह के और नाम भी दिये जा सकते हैं । लेकिन मैं इस समय कोई बड़ा लैक्चर देने की जरूरत नहीं समझता । मैं समझता हूं कि सरकार को इस प्रश्न पर गौर करना चाहिये । हम को इस पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिये जैसा कि प्रस्ताव में कहा गया है । जो बड़े बड़े अफसर रिटायर होते हैं उन पर इस प्रकार का नियंत्रण अवश्य लगाना चाहिये । अगर इस प्रकार का नियंत्रण नहीं लगाया जायेगा तो वे लालच में पड़ सकते हैं । मेरे पास इस बात का प्रमाण नहीं है कि वे इस प्रकार लालच में पड़े या नहीं, लेकिन जब वे कम्पनियों की सरविस में जायेंगे तो उन को कम्पनियों के बीसियों काम करने होंगे और कम्पनियों को बचाना होगा और उन को कानूनी गलतियों का लाभ उठाने का रास्ता बताया जायेगा । इसलिये इस के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इन बातों को मानेगी । मुल्क में जो आने वाला खतरा है उस से हमारी स्वतन्त्रता को बाधा उत्पन्न होगी । आज समय का तकाजा है कि हम उन प्राइवेट कम्पनियों के हाथ में न खेलें और हम इस किस्म का कानून बनायें ताकि हमारे अफसर और कर्मचारी रिटायर्ड होकर दूसरी प्राइवेट कम्पनियों में काम न कर सकें । मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

Shri Narasimhan (Krishnagiri): Mr. Chairman; I rise to oppose this Resolution. Of course, I do not question the motive of the hon. Member who has brought in this Resolution. There are, no doubt difficulties and we do see odd cases of big officers after retirement going and getting employed in big companies under objectionable, doubtful or colourable circumstances. But the remedy suggested in the Resolution, as it stands, is not practicable. Its coverage is far too wide and wholesale and so it is not practicable. It seeks to ban entirely the employment of retired Government employees, which is not practicable.

Take for example, the army. The army officials generally retire at a fairly early age. Because, they do not want old people in the active force, many officers are made to retire early.

[Shri Narasimhan]

So, even when they go out, they are quite energetic and they do not even look old because of the training they had in the army, psychological and physical. They are fit for service for quite a number of years. In our country, we do need their services for further employment, be it in the private or public sector. For example, in the normal course, without there being any colourable circumstances, a retired army officer may be immediately appointed in the watch and ward section of a big company. That company might have big stores worth Rs. 5 crores or 10 crores, they might have patrols and they might need a sergeant to be in charge of the patrols. Naturally, that company will appoint an efficient and intelligent retired army officer. There is no motive behind it and we cannot suspect him. So, we cannot say that every retired officer who gets a very legitimate appointment in some company after retirement should be prevented from getting it. Therefore, the wholesale application of this ban on employment of retired officers will do more harm than good.

It we find that the officers are corrupt and they are using their present position for future advantage, against the national interest, we have to meet the situation by raising the morale standards of the officials. That is a long-range remedy. In any case, experienced retired officials cannot be prevented from serving the community in one form or another.

In the olden days, particularly during the pre-independence days, one of the main placards of the Indian National Congress was the Indianisation of the services. The experience of Europen officers went with them when they retired and left the country. That was one of the main reasons for the agitation for Indianisation of services. That should not be forgotten.

